# COURT OF THE DEPUTY COMMISSIONER-CUM-DISTRICT MAGISTRATE EAST SINGHBHUM, JAMSHEDPUR

J.P.L.E Appeal No. 152/2023-24

Appellant/Applicant :- Anil Lohar @ Anil Karmkar

-Vrs-

Respondent/O.P. State Of Jharkhand

| Date of Order of Proceeding | Order with Signature of the court | Office action taken |
|---|---|---|
| 08.08.25 | प्रस्तुत वाद अंचल अधिकारी, जमशेदपुर, जे0पी0एल0ई0 वाद संख्या 38/2021–22 झारखण्ड सरकार–बनाम–अनिल कर्मकार, पिता–लखीकान्त कर्मकार में दिनांक–20.10.2021 को पारित आदेश के विरूद्ध अनिल कर्मकार, पिता–लखीकान्त कर्मकार, पता–घोड़ाबांधा, थाना–गोविन्दपुर, जमशेदपुर के द्वारा दायर जे0पी0एल0ई0 अपील वाद संख्या–152/23–24 की सुनवाई दिनांक–27.02.24 को प्रारम्भ की गई, सुनवाई के क्रम में निम्न न्यायालय का अभिलेख जे0पी0एल0ई0 वाद संख्या 38/2021–22 की मांग की गई जो प्राप्त है। निम्न न्यायालय के अवलोकन एवं समीक्षा से स्पष्ट होता है कि अतिक्रमणकारी के द्वारा अवैध रूप से अनाबाद झारखण्ड सरकार की भूमि पर निर्माण कर अतिक्रमण किया गया है। वाद दायर करने के पश्चात् अतिक्रमणकारी को अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए सेक्शन–3 के तहत् नोटिस निर्गत करते हुए अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निदेश दिया गया था। उक्त नोटिस के आलोक में विपक्षी के द्वारा लिखित उपस्थिति दी गई है, विपक्षी को इस वाद में अपना पक्ष रखने हेतु प्रर्याप्त समय दिया जा चुका है, परन्तु उनके द्वारा भूमि के स्वामित्व से संबंधित कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया है।<br><br>अतिक्रमणकारी के पास कोई ऐसा साक्ष्य या कागजात नहीं है, जिसके आधार पर प्रमाणित हो कि मौजा–घोड़ाबांधा, थाना नं0–1195, खाता नं0–121, प्लॉट नं0–1084/अंश, रकवा–10'X15' भूमि पर अतिक्रमणकारी का स्वामित्व बनता है। | |

उपरोक्त तथ्यों के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि यह भूमि अनाबाद झारखण्ड सरकार की भूमि है तथा झारखण्ड लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम के अन्तर्गत जे0पी0एल0ई0 एक्ट की धारा–2 में परिभाषित लोक भूमि के अन्तर्गत है, इसलिए अपील वाद के आवेदन को अस्वीकृत किया जाता है एवं अंचल अधिकारी, जमशेदपुर को निदेश दिया जाता है कि जे0पी0एल0ई0 वाद संख्या–38/2021–22 के आदेश का अनुपालन करें। साथ ही निम्न न्यायालय के मूल अभिलेख को आवश्यक कार्रवाई हेतु वापस किया जाता है।

लेखापित एवं संशोधित

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

Digitally signed by KARN SATYARTHI
Date: 2025.10.16 13:35:39 +05:30
Location: 192.168.1.126